भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3597
उत्तर देने की तारीख 10 अगस्त, 2026
19 श्रावण, 1948 (शक)

तमिलनाडु में ओलंपिक अकादमी की स्थापना

3597. श्री के. ई. प्रकाश :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार को खेलो इंडिया योजना अथवा किसी अन्य केंद्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत ओलंपिक अकादमियों की स्थापना के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे प्रस्तावों के मूल्यांकन एवं अनुमोदन सहित मांगी गई वित्तीय सहायता की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त राज्य में खेल अकादमियों की स्थापना के लिए केंद्रीय सहायता प्रदान करने हेतु कोई पात्रता मानदंड अथवा दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) तमिलनाडु सहित आकांक्षी एवं ग्रामीण जिलों में जमीनी स्तर की खेल अवसंरचना तथा खिलाड़ियों के विकास को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अकादमियों की स्थापना, जमीनी खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और खिलाड़ी के विकास सहित खेलों के विकास की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्त्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके

प्रयासों में सहायता करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में खेल के विकास को सुदृढ़ करने के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता है:

i. खेलो इंडिया – राष्टीय खेल विकास कार्यक्रम;
ii. राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;
iii. अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं तथा उनके कोच को नकद प्रोत्साहन;
iv. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
v. मेधावी खिलाड़ियों के लिए पेंशन;
vi. खिलाडियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
vii. राष्ट्रीय खेल विकास निधि;
viii. भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र; और
ix. राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में, विभिन्न खेल सुविधाओं जैसे खेलो इंडिया खिलाड़ी (केआईए) और कोच के साथ-साथ खेल अवसंरचना, खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई), खेलो इंडिया मान्यताप्राप्त अकादमियों (केआईएए) से संबंधित विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.khelo india.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****